# प्रधानमंत्री गति शक्ति योजना के अंतर्गत EGoS की समीक्षा बैठक दिनांक 31.01.2023 का कार्यवाही विवरण

मुख्य सचिव महोदय, छ.ग. शासन की अध्यक्षता में दिनांक 31.01.2023 को अपरान्ह 3.30 बजे प्रतिकक्ष क्रमांक एस–4/23 मंत्रालय, अटल नगर, रायपुर में पीएम गति शक्ति योजना की समीक्षा हेतु EGoS(Empowered Group Of Secretaries) की बैठक संपन्न हुई। बैठक में उपस्थित अधिकारियों की सूची परिशिष्ट –अ में संलग्न है। बैठक में निम्नानुसार विषयों पर विचार–विमर्श किया गया ।

- (1) **भू–अभिलेख के Geo Referencing के संबंध में ।**

(2) **Geo Referencing कार्य के प्रगति की समीक्षा हेतु Perameters एवं समय सीमाएं तय करना।**

बैठक में हुई चर्चा अनुसार राजस्व विभाग द्वारा जानकारी दी गई कि चिप्स के साथ हुये पत्राचार पश्चात् शीघ्र ही टेंडर का कार्य पूर्ण कर लिया जावेगा। मुख्य सचिव, महोदय द्वारा सुझाव दिया गया कि चिप्स और वित्त विभाग के साथ बैठक सुनिश्चित कर शीघ्रातिशीघ्र कार्य संपादित किया जाये।

**(कार्यवाही– राजस्व विभाग, वित्त विभाग एवं चिप्स)**

(3) **वित्तीय सहायता (पार्ट–2) के अंतर्गत प्रस्तावित प्रोजेक्ट्स की वर्तमान स्थिति**

- प्रबंध संचालक, सीएसआईडीसी सह मुख्य कार्यपालन अधिकारी, चिप्स द्वारा फूड पार्को एवं चिप्स डाटा सेंटर की स्थापना हेतु की गई कार्यवाही से सभा को सूचित किया गया ।
- DGM, FCI द्वारा बैठक में बताया गया कि निर्माण हेतु प्रस्तावित समस्त सड़कें FCI के अधिकार क्षेत्र के बाहर की है, अतः प्रशासकीय स्वीकृति एवं वित्तीय स्वीकृति लोक निर्माण विभाग को लिया जाना उचित प्रतीत होता है। साथ ही राजिम के बाहर फोर लेन सड़कों का निर्माण कार्य हो रहा है जिस कारण प्रस्तावित सड़क का निर्माण बाधित हो सकता है। उक्त संबंध में मुख्य सचिव, महोदय द्वारा सुझाव दिया गया कि फूड कार्पोरेशन ऑफ इंडिया एवं लोक निर्माण विभाग, वित्त विभाग एवं उद्योग विभाग के साथ बैठक सुनिश्चित कर शीघ्रातिशीघ्र कार्य संपादन की प्रक्रिया प्रारंभ की जाये।

**(कार्यवाही– FCI, लोक निर्माण , वित्त विभाग)**

(4) **नेशनल मास्टर प्लान के अंतर्गत निर्धारित बेसिक डाटा लेयर एवं अतिरिक्त डाटा लेयर के Attributes, different denotion for different data and sensitive data का निर्धारण ।**

उक्त एजेण्डा पर मुख्य सचिव, महोदय द्वारा आदेशित किया गया कि TSU के सदस्यों के साथ पृथक से बैठक कर Attributes का निर्धारण किया जाये।

(5) **राज्य के Infrastructure gap project को चयनित कर State Master Plan का निर्माण**

नोडल अधिकारी प्रधानमंत्री गति शक्ति योजना द्वारा बैठक में बताया गया कि स्टेट मास्टर प्लान के निर्माण हेतु विभिन्न विभागों से प्रोजेक्ट्स मंगाया जाना प्रस्तावित है। तत्पश्चात् मुख्य सचिव, महोदय द्वारा आदेशित किया गया कि PMG तथा ई–समीक्षा को एकजाई कर National Infrastructure Pipeline बनाया गया है जिसकी जानकारी भारत सरकार के वित्त मंत्रालय के पास उपलब्ध होती है। वहां से स्टेट मास्टर प्लान हेतु प्रोजेक्ट्स का चयन किया जावे।

(कार्यवाही– बैठक में उपस्थित समस्त विभाग)

(6) विभिन्न विभागों के GIS डाटा को पोर्टल में अपलोड किये जाने पर चर्चा

| क्र. | विभाग का नाम | डाटा लेयर | चर्चा |
|---|---|---|---|
| 1 | खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग | (1) पेट्रोल पंप एवं डीजल आउटलेट की जानकारी। | विभाग द्वारा बताया गया कि कुल 1890 पेट्रोल पंपों की जानकारी अपलोड करा दी गई है एवं शेष RIL and NEL के 45 आउटलेट की जानकारी शीघ्र ही अपलोड करा दी जावेगी। मुख्य सचिव, महोदय द्वारा आदेशित किया गया कि शीघ्र ही कार्यवाही पूर्ण कर ली जावे एवं अगली बैठक में उक्त डाटा लेयर पर चर्चा न की जाये। |
| 2 | पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग | (1) रूलर इण्डस्ट्रियल पार्क की जानकारी। | नोडल अधिकारी RIPA द्वारा बताया गया कि समस्त रूलर इण्डस्ट्रियल पार्क की जानकारी BISAG-N को साझा कर दी गई है। मुख्य सचिव महोदय द्वारा पोर्टल में अपलोड होने पश्चात् डाटा को Authenticate करने हेतु निर्देशित किया गया । |
| | | (2) सड़कों की जानकारी। | MMGSY की सडकों के संबंध में सचिव, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा जानकारी दी गई कि शीघ्र ही कार्य प्रारंभ किया जावेगा। |
| 3 | छत्तीसगढ़ विमानन विभाग | एयरपोर्ट / ऐरोड्रम / एयरस्ट्रीप / हैलीपेड की जानकारी | चिप्स द्वारा सूचित किया गया कि हैलीपेड की जानकारी BISAG-N से साझा कर दी गई है। मुख्य सचिव, महोदय द्वारा आदेशित किया गया कि शीघ्र ही कार्यवाही पूर्ण कर ली जावे एवं अगली बैठक में उक्त डाटा लेयर पर चर्चा न की जाये। |

| क्र. | विभाग का नाम | डाटा लेयर | चर्चा |
|---|---|---|---|
| 4 | स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग | अस्पतालों की जानकारी | सचिव, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग द्वारा बैठक में बताया गया कि आंशिक जानकारी पोर्टल में अपलोड हो चुकी है एवं शेष जानकारी शीघ्र ही अपलोड करा दी जावेगी। |
| 5 | गृह विभाग | पुलिस स्टेशन की जानकारी। | नोडल अधिकारी प्रधानमंत्री गति शक्ति योजना ने बैठक में बताया कि पुलिस स्टेशन की जानकारी पोर्टल में अपलोड की जा चुकी है। मुख्य सचिव महोदय द्वारा पोर्टल में अपलोड डाटा को Authenticate करने हेतु निर्देशित किया गया । |
| 6 | लोक निर्माण विभाग | सड़कों की जानकारी। | विभाग के प्रतिनिधि द्वारा बैठक में बताया गया कि लोक निर्माण विभाग अंतर्गत आने वाले सडकों की आंशिक जानकारी पोर्टल में अपलोड की जा चुकी है। शेष सडकों पर कार्यवाही की जा रही है। |
| 7 | नगरीय प्रशासन विभाग | सड़कों की जानकारी। | नोडल अधिकारी प्रधानमंत्री गति शक्ति द्वारा बैठक में बताया गया कि नगरीय प्रशासन विभाग के अंतर्गत आने वाली सडकों की GIS मैपिंग हेतु मोबाईल एप्लीकेशन का निर्माण BISAG-N द्वारा किया जा रहा है। |
| | | सीवर लाईन की जानकारी | सीवर लाईन बिलासपुर की जानकारी अपलोड किया जाना है एवं मुख्य सचिव, महोदय द्वारा समय–समय पर समीक्षा करते रहने का सुझाव दिया गया । |

| क्र. | विभाग का नाम | डाटा लेयर | चर्चा |
| --- | --- | --- | --- |
| 8 | महिला एवं बाल विकास कल्याण विभाग | आंगनबाड़ी, सखी (वन स्टॉप सेंटर) | सचिव, महिला एवं बाल विकास कल्याण विभाग द्वारा बैठक में बताया गया कि आंगन बाडी की आंशिक जानकारी पोर्टल में अपलोड की जा चुकी है। शेष आंगन बाडी के डाटा पर कार्यवाही की जा रही है। |
| 9 | उच्च शिक्षा विभाग | महाविद्यालय, विश्वविद्यालय की जानकारी | सचिव, उच्च शिक्षा विभाग द्वारा बताया गया कि विभाग से नोडल अधिकारी की नियुक्ति कर महाविद्यालय एवं विश्वविद्यालयों की मैपिंग हेतु मोबाईल एप्लीकेशन के निर्माण किये जाने हेतु BISAG-N को पत्र प्रेषित किया गया है। |
| 10 | तकनीकी शिक्षा विभाग | विश्वविद्यालय, महाविद्यालयों व अन्य शिक्षण संस्थानों की जानकारी। | विभाग के प्रतिनिधि द्वारा बताया गया कि विभाग द्वारा नोडल अधिकारी की नियुक्ति कर दी गई है। यथाशीघ्र GIS मैपिंग का कार्य प्रारंभ किया जावेगा। |
| 11 | कौशल विकास प्राधिकरण | कौशल विकास संस्थानों की जानकारी | नोडल अधिकारी, प्रधानमंत्री गति शक्ति द्वारा बताया गया कि राज्य के समस्त कौशल विकास संस्थानों की जानकारी पोर्टल में अपलोड की जा चुकी है। मुख्य सचिव, महोदय द्वारा आदेशित किया गया कि शीघ्र ही कार्यवाही पूर्ण कर ली जावे एवं अगली बैठक में उक्त डाटा लेयर पर चर्चा न की जाये। |
| 12 | कृषि विभाग | जिलेवार प्रमुख उत्पादों की जानकारी। | सचिव, कृषि विभाग द्वारा बताया गया कि विभाग द्वारा नोडल अधिकारी की नियुक्ति की जा चुकी है एवं जिलेवार प्रमुख उत्पादों की जानकारी भी तैयार कर ली गई है। यथाशीघ्र जानकारी BISAG-N से साझा कर दी जावेगी। |
| 13 | उद्यानिकी विभाग | जिलेवार प्रमुख उत्पादों की जानकारी। | नोडल अधिकारी प्रधानमंत्री गति शक्ति द्वारा बैठक में बताया गया कि जिलेवार प्रमुख उद्यानिकी उत्पादों की जानकारी पोर्टल में अपलोड की जा चुकी है। मुख्य सचिव, महोदय द्वारा आदेशित किया गया कि शीघ्र ही कार्यवाही पूर्ण कर ली जावे एवं अगली बैठक में उक्त डाटा लेयर पर चर्चा न की जाये। |
| 14 | ऊर्जा विभाग | गैर परम्परागत व परम्परागत पावर जनरेशन सेंटर की जानकारी। | मुख्य सचिव, महोदय द्वारा निर्देशित किया गया कि परम्परागत एवं गैर परम्परागत के विद्युत उत्पादन सेंटर को पृथक–पृथक शीघ्रातिशीघ्र अपलोड किया जावे। |

| क्र. | विभाग का नाम | डाटा लेयर | चर्चा |
|---|---|---|---|
| 15 | खेल एवं युवा कल्याण विभाग | स्टेडियम / स्पोर्ट कोर्ट / स्पोर्ट ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट की जानकारी। | नोडल अधिकारी प्रधानमंत्री गति शक्ति द्वारा बैठक में बताया गया कि राज्य के समस्त स्टेडियम / स्पोर्ट कोर्ट / स्पोर्ट ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट की जानकारी पोर्टल में अपलोड की जा चुकी है। मुख्य सचिव महोदय द्वारा पोर्टल में अपलोड डाटा को Authenticate करने हेतु निर्देशित किया गया । |
| 16 | वाणिज्य एवं उद्योग विभाग | वृहद / मेगा / अल्ट्रा मेगा उद्योगों की जानकारी । | प्रबंध संचालक, सीएसआईडीसी द्वारा बैठक में बताया गया कि राज्य के समस्त वृहद / मेगा / अल्ट्रा मेगा उद्योगों की जानकारी के GIS मैपिंग हेतु मोबाईल एप्लीकेशन के लिये BISAG-N से संपर्क किया गया है। |

बैठक आभार प्रदर्शन के साथ समाप्त हुई।

**(भुवनेश यादव)**
सचिव
छत्तीसगढ़ शासन
वाणिज्य एवं उद्योग विभाग